# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001
e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक 951 / पेपर कटिंग / 23 दिनांक– 23.05.2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक "पटकनियां में जल जीवन मिशन योजना फ्लाफ साबित, साढ़े तीन करोड़ की टंकी तीन साल बाद भी चालू नहीं, ग्रामीण शुद्ध पानी को भटक रहे" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक "पटकनियां में जल जीवन मिशन योजना फ्लाफ साबित, साढ़े तीन करोड़ की टंकी तीन साल बाद भी चालू नहीं, ग्रामीण शुद्ध पानी को भटक रहे" की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक–23.05.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पटकनियां पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण एवं संचालित कराते हुए सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित किया गया है, हस्तानान्तरित के उपरान्त सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा योजना का संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य कराया जा रहा था। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित थी। योजना का संचालन एवं अनुरक्षण हेतु शासन से नामित एजेन्सी मेसर्स सरला के0पी0आई0एल0, हैदराबाद के द्वारा पाइप लाइन मरम्मत कर पुनः पेयजल आपूर्ति संचालित करा दी गयी है। वर्तमान में योजनान्तर्गत पेयजल आपूर्ति संचालित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(सुनील कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

Letter/EE/2025/537

Scanned with CamScanner

# पटकनियां पेयजल योजना से जलापूर्ति के फोटोग्राफ










